बरेली, रविवार
9 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4+4=26

# दैनिक जागरण

PAGE NO : IV MIDDLE

# संशय व पक्षपात से बचते हुए मिशन बनाकर करें काम

## एसआरएमएस ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कालेजों के 24वें दीक्षा समारोह में 247 विद्यार्थियों को बांटी गई उपाधियां

- सीईटी के प्रियांक और सीईटीआर की दीक्षा को श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल के साथ पुरस्कार स्वरूप दिए 51,000 रुपये
- खेलों में सर्वश्रेष्ठ रहने पर सीईटी की काजल पांडेय और सीईटीआर की अर्चना मिश्रा को दिया गया विशेष पुरस्कार

जागरण संवाददाता, बरेली : गीता में श्रीकृष्ण ने कहा कि कर्म में कुशलता ही योग है, इसलिए कर्म को कुशलता से करो। यह संदेश डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विवि के कुलपति प्रोफेसर डा. जय प्रकाश पांडेय ने विद्यार्थियों को दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कालेजों के 24वें दीक्षा समारोह में उन्होंने कहा कि विजन और मिशन के प्रति संशय न रखें, परिणाम से भयभीत न हों, कभी पक्षपात न करें। खुद अपना मूल्यांकन करें, यह जितना सटीक होगा सफलता उतनी ही आसान होगी। 2047 में हमको विकसित भारत बनना है। जब यह देश विकसित भारत बनेगा तो आप लोग उसके कर्णधार बनेंगे। आपके सफल होने में शिक्षकों और अभिभावकों का भी उतना ही योगदान होता है, जितना आप का है।

टाटा कन्सल्टन्सी सर्विस लखनऊ के डिलीवरी सेंटर हेड अमिताभ तिवारी ने विद्यार्थियों को डिजिटलाइजेशन का फायदा उठाकर स्टार्टअप स्थापित करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यूपी में बिजनेस तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में दिमाग को इंटरप्रिन्योरशिप के लिए ट्रेंड कीजिए और देश की तरक्की में अपना योगदान दीजिए। अमिताभ ने कहा कि आप यहां से डिग्री लेकर जा रहे हैं। यह जिंदगी का नया अध्याय जरूर है लेकिन पढ़ाई का अंत नहीं। पढ़ना और सीखना जिंदगी भर की बात है। यही आपको सफलता की ओर ले जाएगी। मैकएफी इंक बंगलुरू के डायरेक्टर आफ डाटा इंजीनियरिंग के इंजीनियर कुशवाहा मनीष कौशल ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है।

बदलाव को स्वीकारें और इसकी जरूरत के अनुसार अपनी स्किल को लगातार इंप्रूव करते रहें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में इस वर्ष बीबीए, बीसीए, होटल मैनेजमेंट जैसे नए कोर्स आरंभ होने के साथ वैल्यू एडेड कोर्स शुरू किए। इस वर्ष 18 पेटेंट स्वीकृत होने और प्लेसमेंट सेल के बारे में भी बताया।




एसआरएमएस के दीक्षा समारोह में अतिथि को सम्मानित करते संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति • सौ. संस्थान

एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय श्रीराम मूर्ति के 115वें जन्म दिवस पर हुए दीक्षा समारोह में एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी एंड रिसर्च के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के सत्र 2023-2024 में उत्तीर्ण 247 छात्र-छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र और पदक दिए गए।

सीईटी और सीईटीआर में बीटेक 2020-2024 बैच में सर्वाधिक अंक हासिल करने के लिए प्रियांक गुप्ता और दीक्षा पटेल को श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल के साथ 51,000 रुपये, खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सीईटी की काजल पांडेय और सीईटीआर की अर्चना मिश्रा को ट्राफी के साथ विशेष पुरस्कार दिया। इस मौके पर आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, एसआरएमएस सीईटी के वाइस प्रिंसिपल डा. शैलेंद्र देवा, इंजीनियर सुभाष मेहरा, ऋचि शाह, प्रोफेसर श्यामल गुप्ता, ऊषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, डा. आलोक खरे, डा. वंदना शर्मा, डा. एमबी कलसेस, डा. जसप्रीत कौर, डा. मृदु महेश्वरी आदि मौजूद रहे।

**तीन स्टार्टअप पर शुरू हो गया काम:** एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने स्टार्टअप के लिए स्थापित इनोवेशन और इंक्यूबेशन सेल का जिक्र करते हुए कहा कि इसके जरिये तीन तीन कंपनियां बना कर स्टार्टअप शुरू किए हैं। पहले स्टार्टअप में पीआईओएएस वायलकेयर प्राइवेट लिमिटेड से वेस्ट रिसाइक्लिंग और पुरानी मशीनों के रिफरबिशिंग का काम शुरू हो रहा है। इसमें वेस्ट प्लास्टिक और रैपर्स से बैग बनाने का काम हो रहा है।

दूसरे स्टार्टअप में विश्वअस्स वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिये मशरूम का उत्पादन शुरू किया। तीसरे स्टार्टअप में स्वास्थ्य यूम सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिये ई हेल्थ और माई ट्रिप एडवाइजर का काम आरंभ किया।

### फीस माफी योजना के तहत विद्यार्थियों को 11.33 लाख के दिए चेक

सभी कोर्स से एक-एक विद्यार्थी की फीस माफी योजना के चेक विद्यार्थियों को दिए। आठ विद्यार्थियों को 11.33 लाख रुपये के चेक देकर फीस माफी की गई। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने ट्रस्ट की ओर से विगत वर्षों में किए गए शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक उत्थान के लिए किए कार्यों की सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रस्ट ने विद्यार्थियों को पहले इंस्टालमेंट के चेक वितरित किए।